हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

01May 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. एल पी जी के 19 किलो के कमर्शियल सीलेंडर की कीमत मे 993 रुपए की वृद्धि हुई – घरेलू एल पी जी सीलेंडर की कीमतों मे कोई बदलाव नहीं।

2. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने आदर्श गांवों के तौर पर विकसित किए जा रहे करनाल के 40 गांवों के सरपंचों और अधिकारियों के साथ बैठक की।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, संतों के लिए कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती - सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज भूरीवाले ने अपना जीवन मानवता की सेवा में लगाया।

4. केंद्र ने नागरिकता संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित किया।

5. श्रीलंका की उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन ने बुद्ध पूर्णिमा पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण संग्रहालय का दौरा किया और 34 वर्ष पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे बौद्ध धर्म अनुसार पूजा अर्चना की।

---

एलपीजी के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की नई कीमत 3 हजार 71 रुपये 50 पैसे होगी। संशोधित कीमत आज से प्रभावी हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह बढ़ोतरी तेल विपणन कंपनियों द्वारा किए जाने वाले नियमित मासिक मूल्य अपडेट का हिस्सा है। काबिले गौर है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

---

केंद्रीय ऊर्जा आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल मे प्रायोगिक परियोजना के तहत आदर्श गांवों के तौर पर विकसित करने के लिए चुने गए 40 गांवों के सरपंचों और अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक मे गांवों में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा और उन्हें आदर्श गांव के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे की रणनीति तय की गई।

मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने कहा कि इन गांवों को लेकर सरपंचों और ग्राम विकास, पंचायत, शिक्षा,जन स्वास्थ्य और आयुष विभागके अधिकारियों की बैठक ली है। जहां विकास कार्य के लिए किसी चीज की कमी है उसे कैसे पूरा किया जाए इस पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि खर्च के लिए विभिन्न तरह की निधि मौजूद है, इसके अलावा करनाल में दो सांसद हैं उनकी निधि से भी विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि चयनित गांवों में 70 से 80% काम कार्य पूरे हो चुके हैं।

बंगाल के एग्जिट पोल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हे लगता है कि एग्जिट पोल के अनुसार ही 4 तारीख को परिणाम भी आएंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के खिलाफ प्लॉट आवंटन मामले में दायर आरोप पत्र पर मनोहर लाल ने कहा कि छानबीन में जो भी सामने आएगा उस पर अदालत निर्णय करेगी।

इनलो नेता नफे सिंह राठी हत्याकांड पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीबीआई पर सरकार का कोई दबाव नहीं है। सीबीआई स्वतंत्र रूप से सारी जांच कर रही है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से पंजाब और हरियाणा अलग-अलग राज्य हो सकते हैं, लेकिन दोनों की आत्मा एक है। हमारा जीवन, संस्कार, खान-पान और त्यौहार, सब सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज भूरीवाले जैसे संत-महापुरुषों की देन हैं। श्री नायब सिंह सैनी आज पंजाब के पोजेवाल में सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज भूरीवाले के 24वें निर्वाण दिवस समागम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतगुरु ब्रह्मानंद जी भूरीवाले महाराज ने अपना जीवन मानवता की सेवा में लगा दिया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संतों के लिए राज्यों की कोई सरहद नहीं होती, वे तो संपूर्ण मानवता के लिए होते हैं। संतों का जीवन 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का उदाहरण होता है। उन्होंने कहा कि पंजाब की ही तरह हरियाणा में भी सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज के शिष्य बड़ी संख्या में हैं। सतगुरु ब्रह्मानंद महाराज की शिक्षाओं की हरियाणा में भी उतना ही मान्यता है जितनी पंजाब में है।इस वासर पर उन्होंने संस्थान द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों हेतु 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत भारतीय प्रवासी नागरिकों का  ओसीआई कार्ड पंजीकरण अब पूरी तरह डिजिटल होगा। नए नियमों में ई-ओसीआई, बायोमेट्रिक आधारित फास्ट ट्रैक अप्रवासन और नाबालिगों के लिए दोहरे पासपोर्ट पर पाबंदी जैसे प्रावधान शामिल हैं।

-------------------------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा, अधिकारों और सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। श्रम सुधारों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और नए श्रम कानूनों का उल्लेख करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि सरकार श्रमिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित, गरिमामय और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

-------------------------------------------------------------------------------------------

श्रीलंका की उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन ने आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण संग्रहालय का दौरा किया। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया उनके साथ रहे। सुश्री महिशिनी कोलोन ने श्री कृष्ण संग्रहालय में करनाल के असंध स्तूप, प्राचीन टीला और यमुनानगर के सुघ, चनेटी स्तूप, बौद्ध विहार, आदि बद्री, टोपरा कलां के इतिहास की जानकारी ली।

इस अवसर पर उच्चायुक्त ने कहा कि भारत में गौतम बुद्ध से जुड़े एतिहासिक स्थल मौजूद हैं, जिन्हें भारत सरकार व प्रदेश सरकारों ने संजोकर रखा हुआ है। ये स्थल आने वाली पीढियों को आपसी भाईचारा और बौद्ध शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का रास्ता दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सिद्धार्थ गौतम बुद्ध के पदचिह्नों, उनके सूत्रों और उनके भ्रमण से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को नए सिरे से मान्यता देने का प्रयास सराहनीय है।

उच्चायुक्त महिशिनी कोलोन ने म्यांमार से गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने पहुंचे बौद्ध भिक्षुओं आनंदा व उनके साथियों ने बौद्ध धर्म के अनुसार 34 वर्ष पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। कूरक्षेत्र के बाद वे यमुनानगर के चनेटी स्तूप और टोपरा कलां स्थित धर्मचक्र का दर्शन करने के लिए रवाना हुई।

---

पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए करनाल के वीर सपूत कैप्टन विनय नरवाल की स्मृति में आज उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करनाल की महापौर  रेणु बाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कैप्टन विनय नरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर में शहर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने रक्तदान कर शहीद कैप्टन विनय नरवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

---

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम फरीदाबाद की संयुक्त टीमों ने आज सेक्टर 21C, सेक्टर 10, एनआईटी 1, एनआईटी 3 और एनआईटी 5 सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में रिहायशी दुकानों, शोरूम, कार्यालयों और अन्य व्यापारिक अदारों को हटा दिया। अधिकारियों के अनुसार, इन क्षेत्रों में लंबे समय से आवासीय नियमों का उल्लंघन कर व्यवसाय चलाए जा रहे थे, जिससे यातायात, पार्किंग और नागरिक सुविधाएं प्रभावित हो रही थी। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---